सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-6 | विषय: हिंदी रामायण | पाठ: युद्ध कांड

प्रश्न (क) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1.हनुमान, सुग्रीव और राम, युद्ध के बारे में (विचार विमर्श)करने लगे।

2.(जाबवंत और सुवेण)सेना के पृष्ठ भाग को देखकर रहे थे।

3.रावण के भाई (विभीषण) ने सब राक्षसों की बातें गंभीरतापूकि सुनीं।

4.विभीषण बार-बार सीता को लौटाने तथा (राम) से क्षमा माँगने का आग्रह करता रहा।

5. रावण के पुत्र (मेघनाद) के नाम से तो देवता भी काँपते हैं।

6. राम की सेना में (विश्वकर्मा) का पुत्र नल नाम का एक वानर हैं।

7.राम की सेना का बल, अस्त्र-शस्त्र आदि आदि जानने के लिए (शुक, और सारण) नाम के गुप्तचरों को भेजा।

8. नीलकी सेना ही (दस अरब) शक्तिशाली वानरों की है।

9. वानरों की भयंकर गर्जना से (मलय पर्वत) भी काँप उठा।

10. (प्रहस्त) के वध से रावण व्याकुल हो उठा।

11. रावण के घायल होने पर उसने लक्ष्मण पर (ब्रह्म शक्ति) चला दी।

12. राम ने (अर्धचंद्राकार बाण) से रावण पर प्रहार किया जिससे उसका धनुष कट गया।

13. राम ने (रौद्रास्त्र) का प्रयोग कर रावण पर तीखे बाण मारे।

14. देवांतक और त्रिशिरा ने (अंगद) को घेर लिया।

15. औषधियों की गंध से ही (राम- लक्ष्मण) स्वस्थ हो गए।

16. लक्ष्मण ने विश्वामित्र के दिए (ऐंद्रास्त्र) से मेघनाद पर प्रहार किया जिससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया।

17. राम ने मंत्र पढ़कर (रौद्रास्त्र) रावण पर छोड़ा।

18. (राम) ने विषधर सर्प के समान बाण से रावण का सिर काट डाला। तत्काल ही उसका दूसरा सिर उग आया।

19. इंद्र देवता ने अपने सारथी (मातलि) को राम के पास भेजा था।

20. विभीषण ने इच्छा के अनुसार चलने वाला कुबेर का (पुष्पक) विमान मँगवाया।

प्रश्न ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

१) विभीषण ने रावण को क्या सलाह दी?

उत्तर- विभीषण ने रावण को यह सलाह दी कि भैया आप क्रोध त्याग दें। आप धर्म और नीति का पालन करते हुए मिथिलाकुमारी (सीता जी) को लौटा दे।

२) विभीषण राम के पास क्यों गए?

उत्तर- विभीषण ने जब अपने भाई रावण को सीता को लौटा देने की बात समझाई तो रावण ने उनका अपमान किया इसलिए वह राम की शरण में गए हैं।

३) वानर सेना तथा राक्षस सेना के प्रमुख वीरों के नाम बताओ।

उत्तर- वानर सेना के प्रमुख वीरों के नाम:- सुग्रीव ऋषभ, नील, जांबवंत, सुषेण, दधिमुख, प्रजंघ, जंभ रसभ, नल अंगद तथा हनुमान आदि ।

राक्षस सेना के वीरों के नाम थे:- दशमुख रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद प्रहस्त, महोदर, महापार्श्व और अंकपन आदि ।

४) राम के साथ कौन - कौन अयोध्या आये?

उत्तर- राम के साथ सुग्रीव, अंगद, विभीषण, जांबवंत, नल- हनुमान आदि अयोध्या आए ।

५) राम ने अपनी सेना की चार भागों में क्यों बाँटा ?

उत्तर- राम ने अपनी सेना को चार भागों में इसलिए बाँटा क्योंकि लंका के चार द्वार थे और उस पर चौतरफा आक्रमण करना था।

६) मेघनाद कौन था और उसकी क्या विशेषताएँ थी ?

उत्तर- मेघनाद रावण का ज्येष्ठ पुत्र था। उसकी यह विशेषता थी कि वह मायावी था और किसी को दिखाई नहीं पड़ता था। वह छिपकर युद्ध करता था।